
अद्भुत सुअर

हंगरी की एक पुरानी कहानी




पुनर्कथन और चित्र:
पॉल गैल्डोन

अद्भुत सुअर

हंगरी की एक पुरानी कहानी


पुनर्कथन और चित्र:
पॉल गैल्डोन






एक समय की बात है, समुद्र के उस पार के देश में एक राजा था जिसकी एक सुंदर बेटी थी.

एक दिन राजा ने पूरे देश में यह ऐलान किया कि वो राजकुमारी की शादी एक ऐसे व्यक्ति से करेगा जो राजा को कुछ ऐसी बात बताए जिस पर वो विश्वास न कर सके.






अब उसी देश के एक छोटे से गाँव में एक गरीब किसान अपनी पत्नी, सात बेटियों, एक बेटे और एक सुअर के साथ रहता था.



जब गरीब किसान के बेटे ने राजा के ऐलान के बारे में सुना, तो वो अपनी पत्नी के लिए सुंदर राजकुमारी को जीतने की कोशिश करने के लिए महल की ओर निकला.

एक लंबी यात्रा के बाद, किसान का बेटा महल के द्वार पर पहुंचा.



गार्डों ने उसे प्रवेश करने की अनुमति दी और वहां उसे राजकुमारों, शूरवीरों और कुलीन लोगों की एक लंबी कतार में शामिल होने के लिए कहा, जो सभी राजा से मिलने की प्रतीक्षा कर रहे थे.

जैसे ही युवक ने धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की, उसने कई अन्य राजकुमारों, शूरवीरों और महान व्यक्तियों को महल से बाहर निकलते हुए देखा. वे सभी उसे काफी निराश दिखे.



आख़िर में, उस युवक की खुद को राजा के सामने पेश करने की बारी आई.

लड़का, राजा के सिंहासन के सामने खड़ा हो गया, फिर वो गहराई से झुककर बोला, "महामहिम, आपका दिन शुभ हो!"



"तुम्हारा दिन भी शुभ हो, मेरे बेटे," राजा ने दयालुता से कहा.

"तुम मुझसे मिलने क्यों आये हो?"

"महामहिम, यदि आप चाहें तो मैं आपकी खूबसूरत बेटी से शादी करना चाहूंगा."

"मुझे यकीन है कि तुम ऐसा करना चाहोगे," राजा ने कहा. "लेकिन क्या तुम एक पत्नी का भरण-पोषण कर सकोगे?"

"हाँ, महामहिम, मैं अपनी पत्नी का जीवन बहुत अच्छी तरह से चला सकूँगा."

"आप देखिए, महाराज, मेरे पिता के पास एक सुअर है."



"ठीक है! मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.






"वो एक अद्‌भुत सुअर है, महामहिम! जब से मुझे याद है उस सुअर ने मेरे पिता, मेरी मां, मेरी सात बहनों और मेरा भरण-पोषण किया है."



"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.



"वह हमें हर सुबह उतना ही दूध देता है जितना कोई गाय देती."




"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.



"और, महामहिम, वो रोज़ हमारे नाश्ते के लिए सबसे स्वादिष्ट अंडे देता है."



"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.



"हर दिन मेरे पिता सुअर के एक ओर से बेकन के टुकड़े काटते हैं, और अगली सुबह तक वह सब फिर से बढ़ जाता है."



"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा और वो मुस्कुराए.



"और, महाराज, बरसात के दिनों में हमारा सुअर नदी के किनारे जाकर बैठ जाता है और हमारे लिए मछलियां पकड़ता है."




"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.

"एक दिन हमारा सुअर गायब हो गया," किसान के बेटे ने कहा.

"हमने उसकी काफी तलाश की, लेकिन वो हमें कहीं नहीं मिला."


राजा ने कहा, "फिर तुम लोग बहुत चिंतित रहे होगे."



"ओह, हम थे. लेकिन आख़िरकार, हमने उसे अनाज की कोठरी में पाया.
वो चूहे पकड़ रहा था!"


"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.

"तुमने जो भी मुझे जो बताया, उससे वो एक बहुत चतुर सुअर लगता है."



"मेरे पिता उसे काम-काज करने के लिए लगभग हर दिन शहर भेजते हैं."

"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.




"सुअर मेरे पिता के सारे कपड़े, और मेरे कपड़े भी, महाराजा के अपने दर्जी से सिलवाता है."

"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.

"और वो हर चीज़ का भुगतान सड़क पर मिले सोने से करता है."


"मुझे तुम पर विश्वास है," राजा ने कहा.





"लेकिन हाल ही में, महामहिम, हमारा सुअर बेचैन हो गया है और उसे संभालना मुश्किल हो गया है. हम जो कहते हैं वो वहां जाने से इंकार कर देता है, और पिताजी को अपनी ओर से और अधिक बेकन काटने की भी अनुमति नहीं देता है."

राजा ने कहा, "यह तो बहुत बुरा है."



"इसके अलावा, महाराज, हमारा सुअर थोड़ा अंधा होता जा रहा है. वो मुश्किल से देख पाता है कि वो कहाँ जा रहा है."



"उसे अब रास्ता दिखाया जाना चाहिए," राजा ने कहा.

"हाँ, महाराज. और इसी कारण से मेरे पिता ने उस सुअर की देखभाल के लिए आपके दादाजी को चरवाहे के रूप में काम पर रखा."





"मेरे दादाजी एक सूअरपालक!"

"यह सच नहीं हो सकता," राजा चिल्लाया.

"मुझे तुम पर विश्वास नहीं है!"






फिर कुछ देर बाद राजा को अपने ऐलान में किया वादा याद आया.

वो अपनी खूबसूरत बेटी, राजकुमारी की किसान के बेटे से शादी करने के अलावा भला और क्या कर सकते थे?

वो जोड़ा कई वर्षों तक खुशी-खुशी रहा और...



... जब गरीब किसान के बेटे को अंततः राज्य विरासत में मिला, तो लोगों ने घोषणा की कि उन्हें इतना बुद्धिमान शासक पहले कभी नहीं मिला था.

लोग हमेशा अपने युवा राजा की बात पर विश्वास करते थे सिवाए इसके जब वो उन्हें **अद्भुत सुअर** की कहानी सुनाता था.